Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

- कुचामन–डीडवाना में आकस्मिक चौकिंग के दौरान पुलिस थाना साईबर क्राइम सिरसा हरियाणा की टीम को 6,00,000/– रूपये की संदिग्ध रिश्वत राशि के साथ पकडा।

जयपुर, दिनांक 21 दिसम्बर, रविवार। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. अजमेर इकाई द्वारा दिनांक 20.12.2025 की देर रात्रि कार्यवाही करते हुये **पुलिस थाना साईबर काईम सिरसा हरियाणा के उप निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार एंव पुलिस स्टॉफ** के अन्य सदस्यो को **6,00,000/– रूपये** की अवैध राशि सहित पकडा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक श्री गोविन्द गुप्ता** ने बताया कि ब्यूरो में गोपनीय जानकारी प्राप्त हुई कि हरियाणा पुलिस का स्टॉफ हरियाणा मे दर्ज साईबर क्राइम के मुकदमें के अनुसंधान एंव मुल्जिमों की तलाश हेतु आये हुये है एंव प्रकरण में संदिग्ध लोगो को डरा धमकाकर अवैध रूप से रिश्वत राशि प्राप्त कर वाहन संख्या HR 24 GV 2222 से हरियाणा जा रहे है।

जिस पर एसीबी अजमेर रेन्ज के **पुलिस अधीक्षक श्री महावीर सिंह राणावत** सुपरवीजन में ए.सी.बी. चौकी अजमेर की **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना भाटी** के नेतृत्व में तुरन्त कार्यवाही करते हुये **पुलिस निरीक्षक श्री नरेन्द्र सिंह** एंव टीम द्वारा जिला डीडवाना–कुचामन में पुलिस थाना कुचामन सिटी के क्षेत्र त्रिशिंगिंया में आकस्मिक चौकिंग की जाकर पुलिस थाना साईबर काईम सिरसा हरियाणा के उप निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार व पुलिस स्टॉफ के अन्य सदस्यो को वाहन संख्या HR 24 GV 2222 में 6,00,000/– रूपये की अवैध संदिग्ध रिश्वत राशि सहित परिवहन करते हुये पकडा।

एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव के सुपरविजन में अग्रिम जांच कार्यवाही जारी है।